**Regarding establishment of university in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-laid**

**डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) :** सरकार को सानुरोध अवगत कराना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र भदोही (उत्तर प्रदेश) अंतर्गत 30 से अधिक की संख्या में स्नातक और स्नातकोत्तर महाविद्यालय हैं जिनमें 75 हजार से भी अधिक छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं । लेकिन मेरे क्षेत्र भदोही में एक भी विश्वविद्यालय न होने की स्थिति में, ये सभी महाविद्यालय अन्य जनपदों में स्थापित अलग-अलग विश्वविद्यालयों से संबद्ध हैं । जिससे सभी छात्र छात्राओं को कई विसंगतियों का सामना करना पड़ता है । अतः मैं सरकार से अपने संसदीय क्षेत्र भदोही में एक विश्वविद्यालय की स्थापना कर उच्चत्तर शिक्षा सुलभ कराने का आग्रह करता हूँ ।